आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 07.12.2020

एमसीएफ में रेलवे बोर्ड सदस्य (कर्षण और रोलिंग स्टॉक) का दौरा ।

श्री राजेश तिवारी, रेलवे बोर्ड सदस्य (कर्षण और रोलिंग स्टॉक) ने दिनांक 07.12.2020 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का निरीक्षण किया । इस निरीक्षण में महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव, सीएओ सह पीसीएमई श्री विवेक कुमार साथ रहे । श्री तिवारी ने कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों का विस्तृत रूप से जानकारी ली और कोचों की गुणवत्ता एवं संरक्षा संबंधी मापदंडों पर गहन रूप से विचार विमर्श किया ।

श्री तिवारी ने इस वित्तीय वर्ष के केवल 8 माह में 806 कोच का उत्पादन करने हेतु आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली की प्रशंसा की, इसके उपरांत श्री तिवारी ने रेलवे बोर्ड द्वारा दिए उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु योजनाओं की भी जानकारी ली।

विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने अपने–अपने ज्ञापन सदस्य (कर्षण और रोलिंग स्टॉक) को दिये, तथा इनके साथ अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की साथ ही श्री तिवारी ने नजदीकी गॉवों के पूर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रधान के साथ बैठक की।

श्री तिवारी ने महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव, एमसीएफ, रायबरेली व प्रधान विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा एमसीएफ को लगातार दो वर्ष सर्वोत्तम उत्पादन इकाई की शील्ड मिलना एक बड़ी उपलब्धि है इसके लिए एमसीएफ के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी बधाई के पात्र हैं। एमसीएफ के प्रशान्ति परिसर में स्थित शापिंग काम्प्लेक्स तथा आवासीय परिसर एवं कारखाने में हरियाली तथा विद्युत व्यवस्था की प्रशंसा की साथ ही पीपल एवं नीम के पेड़ लगाने के लिए निर्देश दिये जिससे एमसीएफ तथा इसके आस–पास के रहने वाले लोगों को शुद्ध वातावरण मिले।

इस दौरान एमसीएफ के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

07.12.20

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी